कार्यालय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा
इंदौर संभाग,शा.कन्या महा.परिसर,मोतीतबेला,इंदौर
Phone No- 0731-2464924, Fax No-0731-2362055 E-Mail- adheind@mp.gov.in

इंदौर,दिनांक 08/07/2022

क्रमांक/1483/अति.संचा./22

प्रति,
प्राचार्य,
समस्त अग्रणी शासकीय महाविद्यालय,
इन्दौर संभाग (म.प्र.)

विषय:- एमपीटॉस पोर्टल पर विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति हेतु डाटा अपलोड करने के संबंध में।
संदर्भ:- आज दिनांक 08/07/2022 को आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन की अध्यक्षता मे ऑन लाईन बैठक में जारी निर्देशों के परिपालन में।

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित ऑन लाईन बैठक में आज दिनांक 08/07/2022 को जारी निर्देशों के परिपालन में निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों को अवगत कराया जावे कि जिन विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नही किया है या नवीनीकरण हेतु आवेदन कर के डाटा अपलोड नही किया है; वह सभी अपना छात्रवृत्ति हेतु आवेदन दिनांक 15/07/2022 के पूर्व करें। पोर्टल दिनांक 15/07/2022 तक खुला हुआ है, इस तिथि के पश्चात पोर्टल बंद हो जाएगा। विद्यार्थियों के आवेदन व इनके द्वारा आवेदन में अपलोड किए गए डाटा को संबंधित महाविद्यालय समय सीमा में सत्यापित करें, ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की प्रकिया संबंधित विभाग द्वारा की जा सकें।

इस संबंध में यह भी आदेशित किया जाता है कि संबंधित विद्यार्थियों से व्यक्तिशः संपर्क कर उनको छात्रवृत्ति हेतु आवेदन ऑनलाईन करने के लिए सूचित किया जावे एवं इनके द्वारा आवेदन में अपलोड किये गए डाटा को सत्यापित कराया जाना संबंधित महाविद्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जावें।

(डॉ0 सुरेश टी0 सिलावट)
अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा,इन्दौर संभाग,इन्दौर
इंदौर,दिनांक 08/07/2022

पृ0क्रमांक/1484/अति.संचा./22
प्रतिलिपि:-
1. आयुक्त, उच्च शिक्षा, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. डॉ0 अजय अग्रवाल, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी(छात्रवृत्ति), उच्च शिक्षा, म0प्र0, सतपुड़ा भवन, भोपाल।

(डॉ0 सुरेश टी0 सिलावट)
अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा,इन्दौर संभाग,इन्दौर